# चीनी मिलों का उत्पादन 4% बढ़कर 1.57 करोड़ टन

**नई दिल्ली।** चीनी मिलों का उत्पादन चालू विपणन वर्ष में अब तक करीब 4 फीसदी बढ़कर 1.57 करोड़ टन पहुंच गया। पिछले सत्र में उत्पादन 1.51 करोड़ टन रहा था।

इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन ने बताया कि एक अक्तूबर से 15 जनवरी के बीच 515 मिलें परिचालन में थी। पिछले साल 507 मिलें चालू थीं। उधर, मिलों ने इस दौरान 55 लाख टन चीनी निर्यात के लिए करार किया है। सरकार ने 60 लाख टन के निर्यात को मंजूरी दी है। एजेंसी